**Ind-Swift Laboratories Limited**

(A Recognised Export House)

Regd. Office : S.C.O. 850, Shivalik Enclave, NAC, Manimajra, Chandigarh - 160 101
Phones : ++ 91 - 172-2730503, 2730920, Fax + + 91 - 172 - 2730504, 2736294
E-mail : info@indswiftlabs.com Website : www.indswiftlabs.com
CIN No. L24232CH1995PLC015553

Ref.: ISLL:CH:2021:

Date: 02nd November, 2021

The President,
Corporate Relationship Department,
Bombay Stock Exchange Limited,
Phiroze Jeejeebhoy Towers,
25th Floor, Dalal Street,
Mumbai 400 001

The Vice President,
National Stock Exchange of India Limited,
Exchange Plaza, 5th Floor,
Plot No.C/2, G-Block,
Bandra Kurla Complex, Bandra (E),
Mumbai 400 051

BSE Scrip Code: 532305

NSE Symbol: INDSWFTLAB

**Sub: COPY OF NEWSPAPER PUBLICATION OF UN-AUDITED FINANCIAL RESULTS.**

Dear Sir,

With reference to above captioned matter, please find enclosed herewith the clips of the Newspapers:-

i) 'The Financial Express' and
ii) 'Jansatta'

dated 02.11.2021 in which Standalone and Consolidated Un-Audited Financial Results of the Company for the quarter and half year ended on September 30, 2021 has been published, pursuant to Regulation 47 of the SEBI (Listing obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The said Un-Audited Financial Results were considered, approved and taken on record by the Board of Directors, in their meeting held on November 01, 2021.

Kindly take the above on record and oblige.

Thanking you,
For IND-SWIFT LABORATORIES LTD.

PARDEEP VERMA
AVP-CORPORATE AFFAIRS &
COMPANY SECRETARY

Ind-Swift Laboratories Ltd. CHANDIGARH

Encl: As above

**मौसम**

पूर्वानुमान: प्रदेश में आसमान साफ रहने की संभावना।
तापमान: ▲ 15.9 डिग्री, ▼ 6.4 डिग्री
सूर्योदय: 06:37 सूर्यास्त: 05:32

# उपचुनाव: आज खुलेगी बंद मतपेटियों में कैद प्रत्याशियों की किस्मत

शिमला, 1 नवंबर (जनसत्ता)।

चुनाव आयोग ने मंडी संसदीय चुनाव हलके, फतेहपुर, जुब्बल–कोटखाई और अर्की विधानसभा हलकों के लिए हुए उपचुनाव की मतगणना के लिए तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतगणना का कार्य 2 नवंबर को सुबह 8 बजे से शुरू हो जाएगा। यह जानकारी देते हुए प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी सी पालरासु ने कहा कि कोविड–19 महामारी के दृष्टिगत जारी दिशानिर्देशों के मुताबिक मतगणना का परिणाम घोषित होने के बाद विजेता प्रत्याशी और उनके समर्थकों की ओर से विजय जुलूस निकालने पर पाबंदी रहेगी।

पालरासु ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र व फतेहपुर, अर्की और जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्र में मतों की गणना संबंधित केंद्रों में कड़ी सुरक्षा के बीच की जाएगी। उन्होंने कि मंडी संसदीय हलके की मतगणना के लिए 11 मतगणना पर्यवेक्षक तैनात किए गए हैं जबकि फतेहपुर, अर्की और जुब्बलकोटखाई विधानसभा हलकों के लिए तीनों सामान्य पर्यवेक्षकों को ही तैनात किया गया है।

मुख्य चुनाव अधिकारी ने कहा कि मंडी हलके के डाक मतपत्रों व सेवा मतों की गिनती पूरी करने के लिए अलग से दो केंद्र स्थापित किए गए हैं। फतेहपुर, अर्की और जुब्बल–कोटखाई विधानसभा क्षेत्रों में डाक मतपत्रों व ईटीपीबीएस मतों की गिनती के लिए भी एक–एक केंद्र अलग से स्थापित किया गया है। ऐसे में ईवीएम व डाक मतपत्रों के माध्यम से पड़े मतों की गिनती एक ही समय में प्रारंभ हो सकेगी।

इन उप चुनावों के लिए 27 अक्तूबर को मतदान हुआ था। मंडी संसदीय हलके से भाजपा प्रत्याशी खुशाल ठाकुर जबकि कांग्रेस प्रत्याशी प्रतिभा सिंह में से किस का भाग्य चमकेगा यह कल शाम तक तय हो जाएगा। इसी तरह जुब्बल–कोटखाई में तिकोना मुकाबला है। यहां मुख्य मुकाबला कांग्रेस के रोहित ठाकुर और भाजपा के बागी चेतन बरागटा के बीच है। भाजपा प्रत्याशी नीलम सरैक कितने मत हासिल कर पाती है उसी से तय होगा कि जीत राहित की होगी या बरागटा की।

## मंडी लोस मतगणना की तैयारियां पूर्ण

**मंडी:** मंडी लोकसभा उप चुनाव को लेकर वोटों की गिनती 2 नवम्बर को सुबह 8 बजे आरंभ होगी। निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मंडी अरिंदम चौधरी ने बताया कि मतों की गिनती को लेकर सभी प्रबंध पूरे कर लिए गए हैं। मतगणना के दौरान केवल अधिकृत लोगों को ही मतगणना स्थल के अंदर जाने की अनुमति होगी। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी। निर्वाचन अधिकारी जिला मुख्यालय पर आइटीआइ मंडी में बने मतगणना केंद्र पर मौजूद रहेंगे। आइटीआइ में मीडिया केंद्र भी स्थापित किया गया है। उपायुक्त ने बताया कि मतगणना का कार्य मंडी, सुंदरनगर, जोगिन्द्रनगर, कुल्लू, रामपुर, रिकांगपिओ तथा चंबा के सरोल में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड 19 संक्रमण को देखते हुए मतगणना के लिए अधिकतम सात टेबल लगाए गए हैं। मंडी में विस सदर, सुंदरनगर, जोगिंदरनगर और सराज की मतगणना, करसोग, सुंदरनगर, नाचन और सरकाघाट की सुंदरनगर, जोगिंदरनगर में द्रंग और जोगिन्द्रनगर, चंबा में भरमौर, केलंग में लाहौल–स्पीति, कुल्लू मनाली, आनी, मनाली और बंजार कि जबकि रामपुर मं रामपुर एवं बचत भवन रिकांगपिओ में किन्नौर विधानसभा क्षेत्र की मतगणना की जाएगी ।

उधर, अर्की में कांटे का मुकाबला है और मतदान के बाद से ही तमाम तरह की अटकलें लग रही है। भाजपा के रतन सिंह पाल और कांग्रेस के संजय अवस्थी दोनों को ही भितरघात का सामना करना पड़ा है। कल शाम तक तमाम अटकलों पर विराम लग जाएगा।

फतेहपुर में जय राम के दो मंत्रियों वन मंत्री राकेश पठानिया और उद्योग मंत्री बिक्रम सिंह ठाकुर की प्रतिष्ठा दांव पर है। यहां पर आजाद प्रत्याशी व पूर्व आरएसएस कार्यकर्ता राजन सुशांत ने कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी दोनों की नींद हराम कर रखी है। कांग्रेस प्रत्याशी भवानी सिंह पठानिया को उम्मीद है कि उन्हें सत्ता विरोधी लहर के अलावा सहानुभूति मत मिलेंगे।

## अर्की में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला में होगी मतगणना

अर्की विधानसभा हलके के लिए मतगणना राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अर्की में स्थापित मतगणना केन्द्र में की जाएगी। यह जानकारी जिला चुनाव अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन कृतिका कुलहरी ने आज, सोमवार को अर्की में मतगणना केन्द्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया व कहा कि मतगणना कार्य के लिए सभी प्रबन्ध पूरे कर लिए गए हैं तथा सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि मतणगना के लिए 26 राउन्ड में आयोजित किए जाएंगे। मतगणना कार्य के लिए 6 मतगणना टेबल स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक मतगणना टेबल पर एक मतगणना पर्यवेक्षक, एक मतगणना सहायक व एक मतगणना सूक्ष्म पर्यवेक्षक की तैनाती की गई है। याद रहे अर्की विधानसभा हलके में 30 अक्तूबर को हुए मतदान में 64.97 फीसद मतदान हुआ है। कुल 91,884 मतदाताओं में से 59,701 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इनमें से 30,437 पुरूषों तथा 29,264 महिलाओं ने मत डाला।

## फतेहपुर उपचुनाव की मतगणना देहरी स्थित महाविद्यालय में: निपुण जिंदल

**धर्मशाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डा. निपुण जिंदल ने जानकारी देते हुए बताया कि कांगड़ा जिले के फतेहपुर में उपचुनाव की मतगणना कार्य के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक प्रबंध पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों को निर्वाचन आयोग के दिशानिर्देशों से अवगत करवाते हुए विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डा.जिंदल ने बताया कि दो नवंबर को सुबह आठ बजे देहरी स्थित वजीर राम सिंह राजकीय महाविद्यालय में मतगणना का कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कोविड प्रोटोकाल के चलते 141 मतदान केंद्रों की मतगणना के लिए 6 टेबल और डाक मतपत्रों के लिए 4 अतिरिक्त टेबल लगाए गए हैं। यह मतगणना 24 राउंड में पूरी होगी। मतगणना केंद्र में तैनात सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रवेश पत्र जारी किए गए हैं जबकि पत्रकारों की सुविधा के लिए यहां पर मीडिया सेंटर की स्थापना की गई है।


# कोरोना: एक दिन में तीन और संक्रमितों की मौत, 145 नए मरीज

शिमला, 1 नवंबर (जनसत्ता)।

प्रदेश में कोरोना संक्रमण से पिछले 24 घंटों में तीन मरीजों ने दम तोड़ा है व प्रदेश में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 3,741 तक पहुंच गया है। प्रदेश में आज, सोमवार को 145 नए मामले सामने आए है व 218 मरीज ठीक हुए हैं। ज्यादा मरीजों के ठीक होने की वजह से कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में कुछ कमी आई है और प्रदेश में सक्रिय मरीजों का आंकड़ा 1,865 तक पहुंच गया है।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक कांगड़ा में 82 साल के एक मरीज को मधुमेह और उच्च रक्तचाप की समस्या थी। उसे कोविड न्यूमोनिया हो गया व उसे सांस लेने में तकलीफ होने लगी। हालात ज्यादा बिगड़ने पर उसकी मौत हो गई। मंडी में 70 साल के एक मरीज को उच्च रक्तचाप की समस्या थी। कोविड होने के बाद उसे सांस की तकलीफ हो गई और अचानक दिल की गति रुकने से उसकी मौत हो गई। मंडी में ही 62 साल की एक महिला उच्च रक्तचाप और मधुमेह की समस्या से ग्रसित थी। उसे कोविड हो गया व अचानक दिल की गति रुकने से उसकी मौत हो गई।

कांगड़ा में कोरोना संक्रमण से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 1,126 तक पहुंच गया है जबकि मंडी में अब तक साढ़े चार सौ मौतें हो चुकी है।



कुल्लू के बदहा गांव की 104 वर्षीय तुलकी देवी आज भी अपना काम अपने आप ही करती है और युवा पीढ़ी के लिए जबरदस्त प्रेरणा है। अपने घर की छत पर मक्की को सुखाते हुए और अनार के दाने निकालते हुए तुलकी देवी।

आकिल खान

# आज से आधिकारिक तौर पर बंद हो जाएगा मनाली–लेह मार्ग

कुल्लू, 1 नवंबर (जनसत्ता)।

सेना की दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली–लेह मार्ग कल, मंगलवार से आधिकारिक तौर पर बंद हो जाएगा। सोमवार को मनाली से लेह निकले वाहन खराब मौसम के कारण दारचा से आगे नहीं जा पाए।

सोमवार सुबह के समय मौसम साफ था लेकिन 11 बजे के बाद बारालाचा दर्रे में हल्की बर्फबारी के दौर शुरू हो गया। मौसम खराब होता देख प्रशासन ने इन वाहनों को दारचा से मनाली की ओर वापस भेज दिया। अचानक होने वाली भारी बर्फबारी को देखते हुए लाहौल स्पीति प्रशासन ने यह कदम उठाया है। हालांकि अटल सुरंग बनने के बाद लेह–लद्दाख की राह पहले से आसान हुई है लेकिन बारालाचा, तंगलंगला व लाचुंगला दर्रे अभी भी राहगीरों की राह को जोखिमभरा बना रहे हैं। इन दर्रों में अचानक होने वाली बर्फबारी राहगीरों पर भारी पड़ती रही है जोखिम उठाकर सफर करना लेह लद्दाख के लोगों की मजबूरी भी रही है।

बीआरओ का कहना है कि सेना की दृष्टि से जब तक हो सके लेह मार्ग को बहाल रखने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि लाहौल घाटी को सर्दी भर मनाली से जोड़ने के प्रयास किए जाएंगे। उपायुक्त लाहौल स्पीति नीरज कुमार ने कहा कि मौसम के पूवार्नुमान व हालात को देखते हुए दारचा लेह मार्ग वाहनों के लिए मंगलवार से आधिकारिक तौर पर बन्द कर दिया है।

# पटाखे चलाने के लिए पर्यावरण विभाग की दो घंटों की अनुमति

## रात आठ से दस बजे तक होगी आतिशबाजी

शिमला, 1 नवंबर (जनसत्ता)।

प्रदेश में दिवाली के दिन चार नवंबर रात आठ बजे से रात 10 बजे के बीच दो ही घंटें पटाखों के चलाए जा सकेंगे। इस बावत पर्यावरण विभाग के अतिरिक्त सचिव सतपाल धीमान ने अतिरिक्त मुख्य सचिव पर्यावरण के हवाले से एक जारी आदेश में कहा गया है कि प्रदेश भर में दो घंटें तक ही पटाखे चलाए जा सकेंगे। इसके अलावा इस बार ग्रीन दीपावली ही मनाई जाएगी और ग्रीन पटाखे ही चलाए जा सकेंगे।

इसके अलावा इ–कामर्स वेबसाइट फिल्पकार्ट और एमाजोन व अन्य कंपनियां प्रदेश से पटाखों के लिए आनलाइन आर्डर स्वीकार नहीं करेंगे। धीमान ने कहा कि इन आदेशों की पालना न करने पर पर्यावरण कानूनों के तहत कार्रवाई की जा सकेगी। अब जिलों में इस बावत आदेश जारी करने शुरू हो गए है।

धर्मशाला में उपमंडलाधिकारी हरीश गज्जू ने आदेश जारी कर कहा कि दीपावली को दो घंटें तक ही पटाखे ही चलाए जा सकेंगे। उन्होंने आज, सोमवार को धारा 144 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए सार्वजनिक सम्पत्ति और किसी भी अप्रिय घटना से बचाव के लिए आम जनता की सुविधा के लिए दिवाली त्योहार के दौरान लाइसेंस और अनुमति धारकों की ओर से पटाखों की बिक्री के लिए स्थान चिह्नित कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि कचहरी अड्डा, डिपो बाजार, सिविल बाजार और आस–पास के क्षेत्रों के लिए मिनी सचिवालय धर्मशाला के मेन गेट के नजदीक भूतल, मेन बाजार, कोतवाली बाजार, केंट एरिया, बृज लाल रोड़, गुरूद्वारा रोड़, खनियारा रोड़, पुराना चड़ी रोड़, खड़ा डंडा रोड़ और आसपास के क्षेत्रों के लिए सामुदायिक भवन कोतवाली बाजार धर्मशाला, मैक्लोड़गंज और इसके आसपास के क्षेत्रों के लिए भागसू नाग रोड़ मैक्लोड़गंज सब्जी मण्डी का खुला स्थान, दाड़ी और इसके आस–पास के क्षेत्रों के लिए दाड़ी मेला ग्राउंड में सुबह 8 बजे से सायं 8 बजे तक पटाखों की बिक्री की जा सकती है।

# आबकारी एवं कराधान विभाग ने सितंबर में की 328.55 करोड़ जीएसटी एकत्रित

शिमला, 1 नवंबर (जनसत्ता)।

राज्य आबकारी एवं कराधान विभाग ने जीएसटी के रूप में सितंबर महीने में 328.55 करोड़ रुपए एकत्र किए। मौजूदा वित्त वर्ष में अक्तूबर तक संचयी जीएसटी संग्रह 2431.19 करोड़ रुपए रहा जो पिछले वर्ष के दौरान 1694.04 करोड़ रुपए था।

विभाग के एक प्रवक्ता ने आज, सोमवार को यहां कहा कि मौजूदा वर्ष में अब तक कुल जीएसटी राजस्व वृद्धि 44 फीसद है। उन्होंने कहा कि राज्य जीएसटी राजस्व संग्रह में इस वित्त वर्ष कोविड–19 महामारी की दूसरी लहर के कारण लगे प्रतिबंधों के बावजूद लगातार सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा कि सकारात्मक विकास दर को बनाए रखने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कारक शामिल हैं। इनमें शीर्ष करदाताओं की निगरानी, क्षेत्रीय अधिकारियों के प्रदर्शन की नियमित समीक्षा, विभाग की ओर से प्रभावी प्रवर्तन गतिविधियां और ईवे बिलों का भौतिक सत्यापन आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षमता निर्माण उपायों के माध्यम से अपने तकनीकी कौशल को उन्नत करके क्षेत्रीय कार्यकताओं की संख्या में वृद्धि की गई है।


केनरा बैंक Canara Bank

शाखा कार्यालय: रिटेल असेट हब, सैक्टर 34–ए, चंडीगढ़

**सरफेसी अधिनियम– 2002 की धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस**

| कर्जदार/गारंटर का नाम | प्रतिभूतित परिसंपत्तियों का विवरण | डिमांड नोटिस की तिथि | बकाया राशि |
|---|---|---|---|
| 1. **श्री कुष्मिंदर अठवाल** पुत्र श्री रविन्द्र सिंह अठवाल। 2. **श्रीमती सपना देवी** पत्नी श्री कुष्मिंदर अठवाल। निवासी सी3/12, जीवीके टाउनशिप, जीवीके पावर, गोइंदवाल साहिब, जिला तरन तारन। **दूसरा पता:** निवासी वीपीओ घुरकरी, तहसील कांगड़ा, घुरकरी खसर (452), कांगड़ा हिमाचल प्रदेश–176001। 3. **मेसर्स गुप्ता बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स प्रा. लिमिटेड** एससीओ 196–19, भूतल, सेक्टर 34–ए, चंडीगढ़। | फ्लैट नं. 4244, भूतल, रकबा 1012.09 वर्ग फुट जीबीपी कमेल्लिया गांव ऑजिला हदबस्त नं. 181, तहसील खरड़, जिला एस.ए.एस. नगर। शीर्षक धारक का नाम श्री कुष्मिंदर अठवाल पुत्र श्री रविन्द्र सिंह अठवाल और श्रीमती सपना पत्नी श्री कुष्मिंदर अठवाल। | 19.10.2021 | 13,90,078.69 रु. (केवल तेरह लाख अठहत्तर रुपए तथा उनहत्तर पैसे) जमा उस पर आगामी ब्याज और प्रभार। |

उपरोक्त पार्टी ने ऊपर उल्लिखित संपत्ति की गारंटी और गिरवी रखने के लिए ऊपर उल्लिखित हमारे शाखा कार्यालय से ऋण सुविधा का लाभ उठाया है। मूलधन और ब्याज का भुगतान न करने के कारण खातों को बैंक/आरबीआई दिशानिर्देशों के अनुसार 01.10.2021 को एनपीए के रूप में वगीकृत किया गया था। सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत उपरोक्त उल्लिखित बकाया राशि के लिए धारक ऊपर वर्णित तिथि को डिमांड नोटिस कर्जदारों/गारंटरों को पंजीकृत एडी के माध्यम से भेजा गया है जो कर्जदारों/गारंटरों द्वारा प्राप्त नहीं किया गया है। इसलिए कर्जदारों और गारंटरों को सलाह दी जाती है कि वे पूर्ण विवरण के लिए प्राधिकृत अधिकारी से नोटिस प्राप्त करें और सरफेसी अधिनियम– 2002 के तहत आगे की कार्रवाई से बचने के लिए इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 60 दिनों के भीतर बकाया देय राशि के साथ पुनः अदायगी तक आगामी ब्याज और लागत आदि का भुगतान करें।

दिनांक: 01.11.2021 स्थान: चंडीगढ़ प्राधिकृत अधिकारी


a

# आज तक कभी विपक्ष में नहीं बैठा मंडी का सांसद

## इस लोकसभा उपचुनाव में सभी की नजरें नतीजों पर

मंडी, 1 नवंबर (जनसत्ता)।

मंडी लोकसभा के साथ एक रोचक क्रम जुड़ा हुआ है और पिछले 70 सालों में यहां जितने भी चुनाव या उपचुनाव हुए हैं, उसमें जो सांसद यहां से चुनाव लड़ा है वह कभी विपक्ष में नहीं बैठा। वर्ष 1952 से शुरू हुआ यह क्रम 2019 तक जारी रहा।

बीच में भले ही 1996 में पंडित सुखराम जीते लेकिन उसम समय अटल बिहारी वाजपेयी की केंद्र में सरकार बनी और वह सिर्फ 13 दिन ही चली। जिसके बाद फिर से कांग्रेस समर्थन वाली सरकार बन गई थी। मंडी लोकसभा सीट की इतिहास पर नजर दौड़ाएं तो 1952 में यहां से दो सदस्य चुने जाते थे व इसका नाम महासू था। उस समय गोपी राम व रानी अमृतकौर सांसद बनी थी। 1957 में



मंडी के राजा जोगिंदर सेन, 1962 व 1967 में सुकेत के राजा ललित सेन और 1971 में राजा वीरभद्र सिंह चुनाव जीते। इन सब के कार्यकाल में केंद्र में कांग्रेस की सरकारें बनीं। 1977 में ठाकुर गंगा सिंह जनता पार्टी के टिकट पर जीते व केंद्र में जनता पार्टी की सरकार बनी। 1980 में फिर राजा वीरभद्र सिंह जीते व केंद्र में कांग्रेस ने सत्ता हासिल की। 1984 में पंडित सुख राम की जीत हुई तो वह इंदिरा गांधी व राजीव गांधी की सरकार में शामिल हुए।

फिर वर्ष 1989 में जब यहां से भाजपा के राजा महेश्वर सिंह जीते तो केंद्र में भाजपा के समर्थन से वीपी सिंह की सरकार बनी। वर्ष 1991 में पंडित सुख राम जीते व संचार मंत्री बने। 1996 में फिर से पंडित सुख राम जीते व केंद्र में कांग्रेस के समर्थन से देवगोड़ा की सरकार बनी। 1998 व 1999 में भाजपा के महेश्वर सिंह सांसद बने जबकि केंद्र में भाजपा नीत अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार बनी। 2004 में कांग्रेस के टिकट पर प्रतिभा सिंह ने जीत हासिल की जबकि 2009 में वीरभद्र सिंह सांसद चुने गए। दोनों ही बार कांग्रेस की सरकारें थी। वीरभद्र सिंह इसमें मंत्री भी बने।

वर्ष 2013 में हुए उपचुनाव में प्रतिभा सिंह चुनी गई तब भी केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी। 2014 व 2019 में भाजपा के रामस्वरूप शर्मा सांसद चुने गए। इस दौरान केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार चल रही है। अब फिर से मंडी का उपचुनाव हो रहा है। चर्चा यही है कि मंडी संसदीय क्षेत्र के लोग अपने रोचक क्रम को बरकरार रखेंगे कि 70 साल से चली आ रही परंपरा टूट जाएगी। आने वाले मंगलवार को इसका पटाक्षेप हो जाएगा।


**Ind-Swift Laboratories Ltd.**

Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh - 160 101

CIN L24232CH1995PLC015553

EXTRACTS OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER 2021 (₹ in Lacs)

| PARTICULARS | STANDALONE Quarter Ended 30.09.2021 | STANDALONE Quarter Ended 30.09.2020 | STANDALONE Half Year Ended 30.09.2021 | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.09.2021 | CONSOLIDATED Quarter Ended 30.09.2020 | CONSOLIDATED Half Year Ended 30.09.2021 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited |
| Total Revenue | 23707.08 | 22699.30 | 48507.03 | 24278.98 | 23363.23 | 49854.20 |
| Profit(loss) before exceptional Items and Tax | 2385.31 | 922.38 | 4268.25 | 2510.21 | 992.20 | 4411.96 |
| Profit(loss) before Tax (After exceptional items) | 2385.31 | 922.38 | 4268.25 | 2510.21 | 992.20 | 4411.96 |
| Net Profit /( Loss) for the period (after tax & Exceptional items) | 2385.31 | 922.38 | 4260.48 | 2447.05 | 992.20 | 4327.47 |
| Total Comprehensive Income for the Period | 2385.31 | 922.38 | 4260.48 | 2447.05 | 992.20 | 4327.47 |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- per Share) | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 |
| EPS (FV of Rs. 10/- each) (Not annualised) | | | | | | |
| Basic | 4.04 | 1.56 | 7.21 | 4.14 | 1.68 | 7.32 |
| Diluted | 4.04 | 1.56 | 7.21 | 4.14 | 1.68 | 7.32 |

Notes: 1. The above un-audited standalone & Consolidated financial results for the quarter and half year ended September 30, 2021 of Ind-Swift Laboratories Limited (the Company) have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on November 01,2021.

2. The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated un-audited financial results for the quarter and half year ended September 30, 2021 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2021 are available on the Stock Exchange websites, www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.indswiftlabs.com.

For Ind-Swift Laboratories Limited
Sd/-
N R Munjal
Chairman and Managing Director

Place: Chandigarh
Date: 01.11.2021


**आनलाइन श्रद्धा** आभासी माध्यम से होंगे श्रद्धालुओं से रूबरू

# बाबा भूतनाथ, ज्वाला जी के दर्शन करेंगे मोदी

बीरबल शर्मा
मंडी, 1 नवंबर।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रदेश में स्थित मंडी के प्रसिद्ध बाबा भूतनाथ और शक्तिपीठ ज्वाला जी के लाइव दर्शन करेंगे। इस दौरान वह श्रद्धालुओं से भी बातचीत करेंगे। इस बात की पुष्टि उपायुक्त अरिंदम चौधरी ने की है।

उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री पांच नवंबर को केदारनाथ धाम से ही देश के प्रमुख मंदिरों के लाइव दर्शन करेंगे और इस दौरान वह आभासी माध्यम से श्रद्धालुओं के भी रूबरू होंगे। देश के विभिन्न मंदिरों की सूची में हिमाचल के ज्वालामुखी और मंडी के भूतनाथ मंदिर को भी शामिल किया गया है। इस दौरान मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर खुद ज्वालामुखी में उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री के इस लाइव कार्यक्रम के लिए पूरी व्यवस्था की जा रही है।

बता दें कि प्रधानमंत्री के द्वारा बाबा भूतनाथ मंदिर के लाइव दर्शनों के बाद विश्व पटल पर मंडी को पहचान मिलेगी। बाबा भूतनाथ मंडी जनपद के अधिष्ठाता हैं। इस स्थान पर जहां बाबा भूतनाथ का मंदिर है, भोलेनाथ स्वयंभू शिवलिंग के रूप में प्रकट हुए हैं। जिनके दर्शन पांच नवंबर को प्रधानमंत्री वर्चअल माध्यम से करेंगे।

बता दें कि छोटी काशी मंडी में जल्दी ही शिव धाम भी बनेगा जो भव्यता और दिव्यता में किसी अजूबे से कम नहीं होगा। मंडी के कांगणीधार में साढ़े नौ हेक्टेयर क्षेत्र में बनने वाला उत्तर भारत का यह पहला ऐसा धार्मिक पर्यटन स्थल होगा जो बाहर से आने वाले पर्यटकों के अलावा स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र भी होगा।

## ऐसे हुई मंडी रियासत की स्थापना

मंडी रियासत का इतिहास सुकेत रियासत की सातवीं पीढ़ी से प्रारंभ होता है। जब सुकेत के राजा साहू सेन के छोटे भाई बाहू सेन ने अपने भाई से रूष्ट होकर कुछ विश्वास पात्र सैनिकों को साथ लेकर तत्कालीन सुकेत रियासत की राजधानी लोहारा को छोड़कर बल्ह के ही हाट में अपनी राजधानी बसाई थी। इसी के साथ मंडी रियासत की स्थापना हुई थी। बाहू सेन ने ही हाटेश्वरी माता के मंदिर की स्थापना की थी। इसके पश्चात बाहू सेन मंगलौर में जा बसा था। 1280 ई.में बाण सेन ने भ्यूली में मंडी रियासत की राजधानी स्थापित की। जो बटोहली होते हुए 1527 ई.में अजबर सेन ने बाबा भूतनाथ के मंदिर के साथ ही आधुनिक मंडी शहर की स्थापना की थी। मंडी भगवान भोले शंकर की कर्मभूमि के रूप में भी विख्यात है।



मुख्यमंत्री ने शिव धाम की सौगात देकर छोटी काशी मंडी को धार्मिक पर्यटन के आकर्षण का केंद्र बनाने का सपना साकार किया है। इस अनूठी परियोजना से देश–दुनिया में मंडी धार्मिक–सांस्कृतिक पर्यटन मानचित्र पर मजबूती से उभरेगा। शिव धाम से दुनियाभर के पर्यटकों के लिए मंडी में पर्यटन गंतव्य का नया स्वरूप देखने को मिलेगा।

02.11.2021



केनरा बैंक Canara Bank

क्षेत्रीय कार्यालय, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी, जिला नैनीताल, उत्तराखण्ड

कब्ज़ा नोटिस (चल/अंचल सम्पत्ति हेतु)

जबकि निम्नहस्ताक्षरकर्ता केनरा बैंक, के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का संख्यांक 54) की धारा 13 (12) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 नियम 3 के अधिन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग पत्र निम्नखाते के आगे वर्णित दिनांकों को (विवरण निम्न वर्णित है) सम्बधित ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता तथा सम्पत्ति के मालिकों से भुगतान ... सम्बन्धित सूचना के अन्तर्गत राशि इस सूचना की प्राप्ति के 60 दिनों के भीतर ... ऋणी/गारंटर/बंधककर्ता द्वारा राशि ...

# Ind-Swift Laboratories Ltd.

Regd. Off.: SCO 850, Shivalik Enclave, NAC Manimajra, Chandigarh - 160 101

CIN L24232CH1995PLC015553

**EXTRACTS OF STANDALONE & CONSOLIDATED UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER & HALF YEAR ENDED 30TH SEPTEMBER 2021**

(₹ in Lacs)

| PARTICULARS | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Quarter Ended 30.09.2021 | Quarter Ended 30.09.2020 | Half Year Ended 30.09.2021 | Quarter Ended 30.09.2021 | Quarter Ended 30.09.2020 | Half Year Ended 30.09.2021 |
| | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited | UnAudited |
| Total Revenue | 23707.08 | 22699.30 | 48507.03 | 24278.98 | 23363.23 | 49854.20 |
| Profit(loss) before exceptional Items and Tax | 2385.31 | 922.38 | 4268.25 | 2510.21 | 992.20 | 4411.96 |
| Profit(loss) before Tax (After exceptional items) | 2385.31 | 922.38 | 4268.25 | 2510.21 | 992.20 | 4411.96 |
| Net Profit /( Loss) for the period (after tax & Exceptional items) | 2385.31 | 922.38 | 4260.48 | 2447.05 | 992.20 | 4327.47 |
| Total Comprehensive Income for the Period | 2385.31 | 922.38 | 4260.48 | 2447.05 | 992.20 | 4327.47 |
| Paid up Equity Share Capital (Face Value of Rs. 10/- per Share) | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 | 5908.69 |
| EPS (FV of Rs. 10/- each) (Not annualised) | | | | | | |
| Basic | 4.04 | 1.56 | 7.21 | 4.14 | 1.68 | 7.32 |
| Diluted | 4.04 | 1.56 | 7.21 | 4.14 | 1.68 | 7.32 |

Notes: 1. The above un-audited standalone & Consolidated financial results for the quarter and half year ended September 30, 2021 of Ind-Swift Laboratories Limited (the Company) have been reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors of the Company at their respective meetings held on November 01,2021.

2. The above is an extract of the detailed format of the standalone and consolidated un-audited financial results for the quarter and half year ended September 30, 2021 filed with the stock exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the standalone and consolidated Financial Results for the quarter and half year ended September 30, 2021 are available on the Stock Exchange websites, www.bseindia.com and www.nseindia.com and on the Company's website www.indswiftlabs.com.

Place: Chandigarh
Date: 01.11.2021

For Ind-Swift Laboratories Limited
Sd/-
N R Munjal
Chairman and Managing Director

PLOT NO. 445, PHASE-3,
...K, MODEL TOWN, BATHINDA

## E-AUCTION SALE NOTICE

...021 AT 11:00 AM TO 04:00 PM

| ...S (ALL THE BELOW MENTIONED PROPERTIES ARE UNDER SYMBOLIC POSSESSION) | Reserve Price / Earnest Money Deposit |
|---|---|
| ... Chak 1F Chhoti, Homeland City, Sri Ganganagar, owned by G.H. City Project Pvt. Ltd. Vide Lease Deed No. (Patta No.) 5061 dated 04.03.2016 which is ...ded by: East- 1966, West – Road, North- Road, South- 1968. | Rs. 22.08 Lakh<br>Rs. 2.21 Lakh |
| ... Killa No. 13,14,17,18, Chak 4-ML, Home Land City, Sri Ganganagar, owned by H.A. Estates Pvt. Ltd. Vide Lease Deed No. 5160 dated 21.04.2016 which ...ded by: East- Park, West – Street 50' Wide, North- Street 30' Wide, South- Street 80' Wide Near gurudawara Electric wire crosses over it | Rs. 67.97 Lakh<br>Rs. 6.80 Lakh |
| ... 21,22, Chak 1-F Chhoti, Home Land City, Sri Ganganagar, owned by G.H. City Project Pvt. Ltd. Vide Lease Deed No. 5159 dated 21.04.2016 which is registered ...NO. 1983, West – Street 60' Wide, existing Boundary of Colony, North- Road 30' Wide& Plot NO. 2077, South- Street 60' Wide existing Boundary of Colony | Rs. 103.91 Lakh<br>Rs.10.40 Lakh |
| ...la No. 8, 9, 12, 13 of Chak 1-F Chotti, Home Land City, Phase –II, Sri Ganganagar, owned by Homeland City Projects Limited. Vide Lease Deed No. ...02036 dated 02.05.2016 Bounded by: East- Mall, West – Road 40' Wide, North- Road 80' Wide, South- Road40' Wide | Rs. 284.76 Lakh<br>Rs. 28.48 Lakh |
| ...illa No. 4,7, Chak 4-ML, Home Land City, Sri Ganganagar, owned by H.A. Estates Pvt. Ltd. Vide Lease Deed No. 4638 dated 06.10.2015 which is ...East- Plot No. 69, West – Plot No. 67, North- Street 30' Wide, South- Plot No. 1057 | Rs. 15.30 Lakh<br>Rs. 1.53 Lakh |
| ...and District Bathinda, Owned by APEX FIBRE INDIA PVT. LTD. Vide RTD No. 50 Dated 13.04.2011, RTD No. 825 Dated 27.07.2011, RTD No. | Rs. 481.16 Lakh<br>Rs. 48.12 Lakh |

| ...of Property/ies | Date of Notice u/s 13(2) / Demand Amount / Possession Date | Reserve Price / Earnest Money Deposit / Date of E-Auction |
|---|---|---|
| ...ard comprising Khasra no. 1962-min(0-3-1/2) ... | | |